» संक्षिप्त समाचार

पीएम श्री विद्यालयों में प्रतिभा और जागरूकता का संगम

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालयों में शनिवार को शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और वैज्ञानिक नवाचारों से भरपूर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, शैक्षणिक प्रतिभा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटपूतली में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्राओं ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित विभिन्न आकर्षक वर्किंग मॉडल्स, प्रोजेक्ट्स और प्रयोगात्मक गतिविधियों का प्रदर्शन कर अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। मेले के प्रभारी डॉ. राधेश्याम कसाना रहे। सह-प्रभारी के रूप में महेंद्र सिंह, अजय शेरसिया एवं पारुल शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाया। संचालन अध्यापक जयचंद गुर्जर द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य बाबूलाल कुमावत ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, जिज्ञासा और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। विद्यालय परिवार ने छात्राओं और सहयोगी शिक्षकों के इन शानदार प्रयासों की जमकर सराहना की। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पूरणनगर में विभागीय निर्देशों के अनुसार किशोरी मेले का आयोजन किया गया। मेले में कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने सुंदर पोस्टर्स, चार्ट्स और टीएलएम के जरिए स्टॉल लगाए और इनके माध्यम से कई विषयों की जटिल जानकारियों को बेहद रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। किशोर-किशोरी सशक्तीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. किरण यादव व फार्मासिस्ट सुनील ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने सैनेटरी पैड के उचित उपयोग एवं उसके सुरक्षित निस्तारण की भी जानकारी दी।

अमावस्या पर बंद रहेंगी रेडीमेड व गारमेंट्स की दुकानें

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। गारमेंट्स व्यापार एकता संगठन कोटपूतली-बहरोड़ की बैठक में अमावस्या के अवसर पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों के अवकाश को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। संगठन की बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने सर्वसम्मति से तय किया कि अमावस्या के दिन हाईवे के ब्रांडेड एवं नॉन-ब्रांडेड शोरूम तथा सम्पूर्ण रेडीमेड दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। संगठन की ओर से जारी सूचना में सभी व्यापारी बंधुओं से निर्णय का पालन करते हुए अमावस्या के दिन अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आग्रह किया गया है। संगठन ने कहा कि सामूहिक निर्णय के तहत सभी व्यापारियों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में वस्त्र व्यापार अध्यक्ष होशियार कसाना, आकाश सैनी, के.डी. कसाना, बृजेश शर्मा, राजेश मंगलदेव, राजेश गुर्जर, सुभाष कसाना, सुभाष बोफा, बिन्नू लखेरा, अनूप गोयल, राकेश सैनी, अंकुश, पवन, प्रेम सैनी, लोकेश, दीपक फैशन, अमित, देव, अभिषेक, विशाल, अनिल, भरत सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। संगठन अध्यक्ष की ओर से सभी व्यापारियों से निर्णय का पालन करने की अपील की गई।

सीता विदाई से लेकर राम वनवास तक का प्रसंग सुनाया

- संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन जारी
- भंडारा व संत समागम 28 सितंबर को

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम खेड़की वीरभान स्थित तुलसीदास आश्रम में सत्ताईसा मंडल अध्यक्ष महंत मानदास महाराज के सानिध्य में तुलसीदासजी के वार्षिकोत्सव पर महिला मंडल की ओर से आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के 08 वें दिन शनिवार को भगवान श्रीराम के वनवास सहित विभिन्न प्रसंगों पर कथा सुनाई गई। कथा व्यास प्रीतमदास महाराज ने भगवान राम के वनवास सहित विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया। कथा के दौरान सीता की विदाई के प्रसंग में जनकजी द्वारा उन्हें पति के धर्म का पालन करने तथा सास-ससुर की आज्ञा का पालन व सेवा करने की सीख देने का वर्णन किया। इसके बाद चारों भाईयों का अयोध्या में बहुओं सहित स्वागत होने का प्रसंग सुनाया। कथा में भगवान श्रीराम को वनवास मिलने तथा वनगमन के दौरान केवट से हुई भेंट का प्रसंग भी सुनाया गया। इन प्रसंगों के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम में डॉ. पवन शास्त्री की ओर से पूजा-पाठ सहित धार्मिक अनुष्ठान करवाया गया। कथा के समापन पर 28 सितंबर को भंडारे के साथ संत समागम का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर रामेष्वर त्यागी, कृष्ण दास, पांचूराम, मनोज शर्मा, सत्यनारायण, एड. सुरेंद्र, नन्दू शर्मा, धोलाराम सैन, शिवकुमार सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

11 अक्टूबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

अग्रवाल समाज मनाएगा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव

- सप्ताहभर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, प्रतिभाओं व वृद्ध दम्पतियों का होगा सम्मान

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। अग्रवाल समाज समिति कोटपूतली की ओर से अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के उपलक्ष्य में 4 से 11 अक्टूबर तक श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भव्य अग्र मेला, वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समिति के अनुसार 10 अक्टूबर को दोपहर 1.15 बजे से वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें वर्ष 2025-26 में कक्षा 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत या अधिक तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 70 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं, जयंती के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों तथा पात्र वृद्ध दम्पत्तियों का भी सम्मान होगा। समिति ने बताया कि जिन वृद्ध दम्पत्तियों के विवाह को जयंती तक 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, पति-पत्नी दोनों जीवित हैं तथा पूर्व में उनका सम्मान नहीं हुआ है, उन्हें भी समारोह में सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र की प्रति तथा पात्र वृद्ध दम्पत्ति अपना नाम 3 अक्टूबर तक निर्धारित स्थानों पर जमा करा सकेंगे।



महिला मंडल व बच्चों की प्रतियोगिताएं

महोत्सव के तहत 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से रंगोली, फैंसी ड्रेस, कप गेम, टावर गेम एवं बैलून गेम आयोजित होंगे। 5 अक्टूबर को महिलाओं के लिए बैलून गेम, मग गेम एवं म्यूजिकल चेयर, बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता होगी। 6 अक्टूबर को करवा चौथ थाली सजावट, दीया मेकिंग एवं नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 7 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से भव्य अग्र मेला लगाया जाएगा। मेले में स्टॉल लगाने के इच्छुक अग्रबंधु 2 अक्टूबर तक श्री अग्रसेन भवन में 250 रुपए शुल्क जमा कर अपनी स्टॉल बुक करा सकेंगे। इसी दौरान प्रश्नोत्तरी सहित अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

11 अक्टूबर को निकलेगी शोभायात्रा

महोत्सव का मुख्य आकर्षण 11 अक्टूबर को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा होगी। शोभायात्रा दोपहर 3.15 बजे श्री अग्रसेन भवन से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अग्रसेन मंदिर, अग्रसेन कटला पहुंचेगी, जहां महाआरती होगी। इसके बाद शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए अग्रसेन तिराहा पहुंचेगी। यहां आतिशबाजी का प्रदर्शन एवं महाराजा अग्रसेन जी की आरती की जाएगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल होंगी। अग्रवाल समाज समिति ने सभी अग्रबंधुओं से सपरिवार कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है। साथ ही अग्रसेन जयंती के दिन सभी समाजबंधुओं से अपने-अपने प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे बाद बंद कर शोभायात्रा में शामिल होकर आयोजन को भव्य बनाने का आग्रह किया है ।प्रतियोगिताओं, प्रतिभा सम्मान एवं वृद्ध दम्पत्ति सम्मान के लिए नाम व आवश्यक दस्तावेज एडवोकेट योगेश शरण बंसल, नृसिंहदास अग्रवाल, जया बिरमीवाल, कुलदीप बंसल, प्रमोद गोयल, रजत जिंदल (सन्नी), प्रेमचंद अशोक कुमार, लाजवंती देवी, सीताराम बंसल, सीताराम अग्रवाल, नितेश बंसल एवं श्री अग्रसेन भवन के व्यवस्थापक के पास जमा कराए जा सकेंगे।

सेवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के उपलक्ष्य में उनके जन्म स्थान वडनगर (गुजरात) से शुरू हुई देशव्यापी बाईक यात्रा रविवार को ग्राम नारेहड़ा में प्रवेश करेगी। वडनगर से अलग-अलग मार्गों के लिए रवाना हुई 10 बाईक यात्राओं की कड़ी में रूट नं. 07 की यह यात्रा रविवार प्रातः 11 बजे नारेहड़ा पहुंचेगी। जहां सेवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यात्रायें आगामी 07 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पहुंचकर संपन्न होंगी। नारेहड़ा में यात्रा के आगमन को लेकर कार्यकताओं व ग्रामीणों में उत्साह है। यात्रा का स्वागत करने के लिये विधायक हंसराज पटेल, सांसद प्रतिनिधि देवायुष सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहेंगे। नारेहड़ा पहुंचने पर सबसे पहले यात्रा में शामिल देशभक्तों का स्वागत-अभिनंदन किया जायेगा। इसके बाद सभी अतिथि व कार्यकर्ता नारेहड़ा स्थित गौशाला पहुंचेंगे, जहां विशेष गौ-सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। गौ-सेवा के इस पुनीत कार्य के उपरांत प्रसिद्ध श्री गोगाजी मंदिर परिसर में मुख्य ह्नसेवा संवाद कार्यक्रमह्न आयोजित होगा, जिसमें केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा कार्यों पर चर्चा की जायेगी। नारेहड़ा में कार्यक्रमों के समापन के बाद यह यात्रा अगले पड़ाव गूंती (बहरोड़) के लिए प्रस्थान करेगी।

कार्यक्रम ऑनलाइन सुन सकेंगे

अब केवल कोटपूतली नहीं, पूरी दुनिया सुनेगी आकाशवाणी कोटपूतली की आवाज

AKASHVANI KOTPUTLI

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। आकाशवाणी कोटपूतली के कार्यक्रम अब केवल स्थानीय एफएम प्रसारण तक सीमित नहीं रहेंगे। प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म WAVES OTT और News On AIR के माध्यम से केंद्र से प्रसारित कार्यक्रमों को कोटपूतली के साथ देश-विदेश में रहने वाले श्रोता भी ऑनलाइन सुन सकेंगे। इससे क्षेत्र की स्थानीय आवाज, संस्कृति, प्रतिभाओं और जनसरोकारों को व्यापक मंच मिलने की संभावना है। आकाशवाणी कोटपूतली से तैयार होने वाले स्थानीय, सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रम अब डिजिटल माध्यम से भी श्रोताओं तक पहुंचेंगे। इसके चलते कोटपूतली से बाहर रहने वाले लोग भी अपने क्षेत्र की खबरों, स्थानीय मुद्दों, प्रतिभाओं और कार्यक्रमों से जुड़े रह सकेंगे। अब तक आकाशवाणी कोटपूतली के कार्यक्रम मुख्य रूप से एफएम प्रसारण के जरिए क्षेत्रीय श्रोताओं तक पहुंचते थे। डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुविधा मिलने से श्रोता अपनी सुविधा के अनुसार कार्यक्रम ऑनलाइन सुन सकेंगे। खास तौर पर देश के विभिन्न शहरों और विदेशों में रहने वाले कोटपूतली क्षेत्र के लोगों के लिए यह स्थानीय जुड़ाव का नया माध्यम बनेगा। WAVES OTT और News On AIR के ऐप गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसार भारती की रेडियो, समाचार, टेलीविजन सहित विभिन्न डिजिटल सामग्री उपलब्ध है। आकाशवाणी कोटपूतली के कार्यक्रम प्रमुख दिनेश पटवा ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने से केंद्र के कार्यक्रमों को व्यापक मंच मिला है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं, संस्कृति और क्षेत्रीय विषयों पर तैयार कार्यक्रमों को कोटपूतली से बाहर रहने वाले श्रोताओं तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। कृषि महाविद्यालय पाथरेड़ी में 24 से 26 सितम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय अंतर-कक्षा खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। तीन दिनों तक चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और मनोरंजन का माहौल बना दिया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो एवं जैवलिन थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में अनुशासन, उत्साह और खेल भावना के साथ भागीदारी निभाई। एनएसओ प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। साथ ही ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों ने विभिन्न नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. प्रवीण हटवाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को प्रस्तुतियों के लिए तैयार किया गया।

जेलर व स्टाफ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटपूतली की सचिव श्रीमती नीलम मीणा ने जिला कारागृह कोटपूतली का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं एवं जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा, चिकित्सा एवं विधिक सहायता सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करना रहा।

निरीक्षण के दौरान सचिव नीलम मीणा ने विभिन्न बैरकों का दौरा किया तथा जेल में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद जेल के रसोईघर का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही जेल में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक एवं चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सचिव ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बंदियों को मिलने वाली विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी ली और आवश्यकतानुसार विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

निरीक्षण के बाद सचिव नीलम मीणा ने जेलर एवं जेल स्टाफ के साथ बैठक की। उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता रखने तथा बंदियों की समस्याओं का प्राथमिकता एवं त्वरित गति से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों को मानवोचित एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

किशोरी मेले में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। ग्राम पुरणनगर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विभागीय निर्देशानुसार किशोर-किशोरी सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत किशोरी मेले एवं माहवारी स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक एवं शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर, चार्ट एवं टीएलएम के माध्यम से विभिन्न विषयों पर आकर्षक स्टॉल सजाए। प्रधानाचार्य शान्ति सुखनानी सहित विद्यालय स्टाफ ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों सहित अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

माहवारी स्वास्थ्य पर दी उपयोगी जानकारी: कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। चिकित्सा विभाग की चिकित्सक किरण यादव एवं फार्मासिस्ट सुनील ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, सैनिटरी पैड के उचित उपयोग एवं निस्तारण, संतुलित आहार तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी।

धूमधाम से हुआ गणपति विसर्जन, बिखरी भक्ति की अनूठी छटा

सीमा सन्देश संवाददाता



कोटपूतली। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित मानवस्थली सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थापित की गई विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ विसर्जन किया गया।

गणपति विसर्जन के इस पावन कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अनुष्ठान से हुई। विसर्जन से पूर्व विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और प्रबंधन तंत्र ने एक साथ मिलकर सामूहिक रूप से पवित्र हवन कुंड में आहुतियां दीं। इसके बाद भगवान गणेश की भव्य महाआरती उतारी गई, जिसमें पूरा परिसर शंखनाद और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। महाआरती के उपरांत गजानन महाराज को विसर्जन यात्रा के लिए रथ पर विराजमान कर पूरे उत्साह के साथ नगर भ्रमण करवाया गया। इस भव्य शोभायात्रा के दौरान बच्चों और शिक्षकों का उत्साह चरम पर था।

GRIHUM
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूएनो, लोहेगांव, पुणे-411014
परिशिष्ट-IV [देखें नियम 8(1)]
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति के लिए)

चूंकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** इसके बाद 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है के उक्त निगमित/पंजीकृत कार्यालय का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे आगे यहां ''उक्त अधिनियम''कहा गया है) के अधीन एवं उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों की पालना में निम्न ऋणधारकों को निम्न तिथि पर एक डिमांड नोटिस जारी कर नोटिस में उल्लेखित राशि को यह नोटिस प्राप्त करने की तिथि से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए बुलाया था। ऋणधारक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, यहां ऋणधारक को विशेष रूप से एवं जन सामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सहपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लेखित सम्पत्ति का कब्जा **25 सितम्बर 2026** को प्राप्त कर लिया है।
ऋणधारक को विशेष रूप से एवं जन सामान्य को यहां सावचेत किया जाता है कि इस सम्पत्ति के साथ सौदा न करें और सम्पत्ति से कोई भी सौदा राशि व इस पर ब्याज के लिए सुरक्षित लेनदार के प्रभार का विषय होगा।
ऋणधारक का ध्यान इस बात की ओर दिलाया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध समय में वे सुरक्षित आस्तियों को मुक्त करवाने के लिए आमंत्रित हैं। कब्जे में ली गई सम्पत्ति का विवरण यहां नीचे दिया है :

क्र. स.	ऋणधारकों के नाम	सम्पत्ति का विवरण	कब्जे लेने की तिथि	वैधानिक डिमांड नोटिस की तारीख	मांग नोटिस में राशि (रु.)
1	राजू लाल दारोगा, बिसनू दारोगा	पट्टा -17 ग्राम रीठ, ग्राम पंचायत रीठ, पंचायत समिति कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा (राज.) में स्थित संपत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से, कुल क्षेत्रफल 1665.00 वर्ग फीट (जिसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा गया है)। चारों दिशाएं इस प्रकार हैंः पूर्वः श्री बंशी दास की संपत्ति, पश्चिमः आम रास्ता, उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः आम रास्ता।	25.09.2026	9.06.2026	ऋण संख्या: HL00667000000005056913 रु. 10,44,852/- (रुपये दस लाख चवालीस हजार आठ सौ बावन मात्र) 09/06/2026 के अनुसार 13.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित भुगतान तक
2	सूरज सिंह, राज कंवर	भूखंड संख्या 83-ए, खसरा संख्या 104, ग्राम नांदड़ी, जिला जोधपुर के सभी खण्ड व हिस्से, (जिसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा गया है)। भूखंड की सीमाएंः उत्तरः सड़क, दक्षिणः अन्य प्लॉट, पूर्वः प्लॉट संख्या 83, पश्चिमः सड़क, क्षेत्रफलः 102.77 वर्ग गज।	25.09.2026	11.05.2026	ऋण संख्या: HL00062100000005047522 रु. 18,51,171/- (रुपये अठारह लाख एकावन हजार एक सौ सहत्तर मात्र) 11/05/2026 के अनुसार 12.85% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित भुगतान तक

किसी भी स्थिति में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी अखबार के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है,
तो द इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अंग्रेजी अखबार की सामग्री ही मान्य होगी।

स्थान : राजस्थान तिथि : 27.9.2026
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ७

विकसित भारत-जन सेवा अभियान: 3 दिवसीय

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों का हुआ सम्मान

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। विकसित भारत-जन सेवा अभियान के अंतर्गत 25 से 27 सितंबर तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03 दिवसीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले के 1263 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों को उनके महत्वपूर्ण योगदान एवं सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। मानदेय कार्मिकों को प्रधानमंत्री द्वारा उनके कार्यों की प्रशंसा के लिए प्रेषित पत्र एवं प्लांटर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक तेजप्रकाश अग्निहोत्री ने बहरोड़, नीमराणा एवं कोटपूतली परियोजनाओं में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए मानदेय कार्मिकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए तथा उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भी सहभागिता की। इस दौरान सीडीपीओ सुरज्ञान यादव, सीडीपीओ देवीराम मीणा, एएसओ गिरिराज यादव तथा मिशन बुनियाद कार्यक्रम के जिला समन्वयक राजेन्द्र यादव सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों से जुड़े कार्मिकों के योगदान को सम्मान देने के साथ ही समुदाय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के बीच सहभागिता को और मजबूत करने का संदेश दिया गया।

GRIHUM
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 शाखा कार्यालय इकाईः पहली मंजिल, अयान सुजुकी के ऊपर, राजा साइकिल सर्कल के पास, श्रीनगर रोड, अजमेर-305001
ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत
सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।
सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 13.10.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण संख्या HL00623100000005034661 महेन्द्र महेन्द्र (ऋणधारक) शारदा शारदा (सह-ऋणधारक)	**नोटिस दिनांकः 8.8.2025** **कुल बकायाः** रु. 2637574/- (रुपये छब्बीस लाख सैंतीस हजार पांच सौ चौहत्तर मात्र) 8.8.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 13.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	खसरा नंबर 5066, गुर्जर धरती, नाले के पास, तहसील व जिला-अजमेर में स्थित प्लॉट नंबर 12 के सभी खण्ड व हिस्से। क्षेत्रफल 100 वर्ग गज (इसके बाद उक्त सम्पत्ति के रूप में संदर्भित) सीमाएं : पूर्व-प्लॉट नं. 11, पश्चिम-रोड, उत्तर-रोड, दक्षिण-खुला प्लॉट	रु.2142000.00/- (रुपये इक्कीस लाख बियालीस हजार मात्र)	रु. 2,14,200.00/- (रुपये दो लाख चौदह हजार दो सौ मात्र)	12.10.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	8.10.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	13.10.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर-** 9948182222 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या- 091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, **12.10.2026** को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता -पताः पहली मंजिल, अयान सुजुकी के ऊपर, राजा साइकिल सर्कल के पास, श्रीनगर रोड, अजमेर-305001 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।
यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र के प्रकाशन की सामग्री के बीच कोई अंतर होता है, तो 'द इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र की सामग्री ही मान्य होगी।

दिनांकः 27.9.2026, स्थानः राजस्थान
हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड